मुख्यमंत्री ने जैसलमेर में बीएसएफ के जवानों के साथ भाई-दूज मनाया

उन्होंने कहा, देश को घुसपैठ मुक्त कराने के लिए स्मार्ट बॉर्डर की परिकल्पना साकार हो रही है

जैसलमेर/जयपुर, 11 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर परिसर में भाई-दूज समारोह में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की महिला जवानों से रक्षा सूत्र बंधवाकर और उनसे संवाद कर भाई-दूज पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भाई-दूज का पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। इस पर्व के माध्यम से उन बहनों की भावनाओं को नमन, जिनके भाई परिवार से दूर रहकर सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व निभा रहे हैं।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तनोट माता मंदिर परिसर में बीएसएफ की महिला जवानों से रक्षा सूत्र बंधवाए और भाई-दूज की शुभकामनाएं दीं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जैसलमेर स्थित तनोट माता मंदिर में बीएसएफ जवानों के साथ दीपावली और भाई दूज का त्योहार मनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीएसएफ देश की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की सशक्त प्रहरी है। दिन हो या रात, गर्मी हो या सर्दी, बीएसएफ के जवान सदैव सीमाओं पर मुस्तैद रहकर राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। हमारी बेटियां भी देश की सुरक्षा में अपनी क्षमता, साहस और समर्पण का परिचय दे रही हैं। बीएसएफ की महिला जवानों ने कठिन परिस्थितियों में साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से नई मिसाल कायम की है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना और बीएसएफ के जवानों ने पराक्रम का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में सीमा सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाओं तथा मजबूत समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्मार्ट बॉर्डर की परिकल्पना के अनुरूप, सीमा सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घुसपैठ की वजह से सीमांत क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो रहा है। ऐसे में, देश को घुसपैठ मुक्त बनाने के लिए एक मजबूत तंत्र का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में बॉर्डर पर आधारभूत संरचना के विकास के लिए आवंटित बजट में 400 प्रतिशत वृद्धि भी की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-2 के तहत बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर और श्रीगंगानगर जिलों के 184 सीमावर्ती गांवों को विकास के लिए चयनित किया गया है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने विजय स्तंभ पर पुष्पचक्र अर्पित कर राष्ट्र की सुरक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक छोटू सिंह भाटी, सीमा सुरक्षा बल राजस्थान फ्रंटियर के आईजी डॉ. विकास पाठक सहित, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में बीएसएफ के जवान उपस्थित थे।

असम में ट्रेन के 5 डिब्बे पटरी से उतरे

गुवाहाटी, 11 नवंबर। असम के कामरूप में बुधवार सुबह करीब 6:54 बजे कोलकाता-सैरंग एक्सप्रेस का इंजन और 5 डिब्बे पटरी से उतर गए। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे में 50 पैसेंजर घायल हुए हैं। हालांकि रेलवे का कहना है कि सभी यात्री सुरक्षित हैं।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुताबिक, डिगारू स्टेशन पर ट्रेन को दूसरी लाइन पर लेने के दौरान लोको पायलट स्पीड कम नहीं कर सका, इससे ट्रेन डेड एंड पर लगे बैरिकेड्स से टकरा गई।

- पचास यात्री घायल।

हादसे के बाद रेलवे अधिकारी, कर्मचारी और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे। यात्रियों को बाहर निकाला गया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। यात्रियों के लिए दूसरी ट्रेन की व्यवस्था कर दी गई है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अनुसार, दिगारू स्टेशन पर इस ट्रेन को किसी दूसरी ट्रेन को रास्ता देने के लिए रोका जा रहा था, तभी लोको पायलट ट्रेन की गति को नियंत्रित नहीं कर सका। इस वजह से हादसा हुआ।बता दें कि हादसे की वजह से ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। कुछ ट्रेनों को हादसे वाली जगह से पहले रोक दिया गया है।

मॉर्निंग वॉक में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निगरानी कर रहे हैं और जरूरी चिकित्सकीय जांच व उपचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी सीने में दर्द की शिकायत के बाद उन्हें एम्स के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया था।

करधनी में हिस्ट्रीशीटर की कुल्हाड़ी से हत्या

कैम्पर सवार हमलावरों ने टक्कर मारकर फॉर्च्यूनर रूकवाई फिर विजय बाजिया की बेरहमी से हत्या की

जयपुर, 11 नवम्बर। राजधानी जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र में बुधवार रात आपसी रंजिश के चलते एक हिस्ट्रीशीटर की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

- पुलिस के अनुसार, दोनों पक्षों में किसी पुराने मामले को लेकर लंबे समय से विवाद व रंजिश चल रही थी। संभवतः इसीलिए योजनाबद्ध तरीके से विजय बाजिया की हत्या की गई।

जगदम्बा नगर में कैम्पर सवार चार से छह हमलावरों ने पहले टक्कर मारकर फॉर्च्यूनर गाड़ी रुकवाई और फिर उसमें सवार विजय बाजिया पर कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में विजय की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कैम्पर में सवार होकर फरार हो गए। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

पुलिस के अनुसार, मृतक विजय बाजिया जोबनेर का निवासी था और जोबनेर थाने का हिस्ट्रीशीटर था। बुधवार रात करीब आठ बजे वह अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से जोबनेर से जयपुर आ रहा था।

इसी दौरान जगदम्बा नगर में कैम्पर सवार बदमाशों ने उसकी गाड़ी को टक्कर मारकर रोक लिया। विजय ने बचने के लिए गाड़ी से उतरकर भागने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों ने उसे घेर लिया और कुल्हाड़ी व लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार किए। हमला इतना भीषण था कि कुछ ही मिनटों में विजय ने दम तोड़ दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने वारदात का घटनाक्रम मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। हत्या की सूचना पर करधनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। आरोपियों की तलाश में ए-श्रेणी की नाकाबंदी करवाई गई है।

डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण के अनुसार, प्रारंभिक जांच में दोनों पक्षों के बीच किसी पुराने मामले को लेकर लंबे समय से विवाद और रंजिश होने की बात सामने आई है। आशंका है कि इसी कारण योजनाबद्ध तरीके से विजय को निशाना बनाया गया है।

'वायु प्रदूषण भी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अवसर और देखभाल जितना ही महत्वपूर्ण वह वातावरण भी है जिसमें बच्चा बड़ा होता है।

उन्होंने कहा, "पीएम 2.5 (पीएम2.5) में बेहद छोटे कण होते हैं, जिनका आकार इंसान के बाल की मोटाई का लगभग 40वां हिस्सा होता है। ये फेफड़ों से होते हुए खून में और यहां तक कि गर्भनाल तक पहुंच सकते हैं, जिससे बच्चे पर भी असर पड़ता है।

ये मां के रक्त संचार को भी प्रभावित करते हैं। इस तरह जन्म के समय ही बच्चे की स्थिति कमज़ोर हो सकती है। यह पाया गया है कि जिन इलाकों में गर्भवती महिलाएं वायु प्रदूषण के ऊंचे स्तर के संपर्क में रहती हैं, वहां समय से पहले प्रसव और कम वजन वाले बच्चों के जन्म लेने के मामले अधिक होते हैं।"

डॉ. स्वामीनाथन ने कहा कि जीवन के पहले तीन वर्षों में बच्चों का मस्तिष्क तेजी से विकसित होता है। इस दौरान उनके अंग भी विकसित हो रहे होते हैं और वे वयस्कों की तुलना में तेजी से सांस लेते हैं। इसलिए अत्यधिक प्रदूषित इलाकों में पलने-बढ़ने वाले बच्चों के फेफड़ों का आकार अपेक्षाकृत छोटा रह जाता है।

मदर डेयरी व अमूल ने दिल्ली में दूध के दाम बढ़ाये

नई दिल्ली, 11 नवंबर। दूध की आपूर्ति में कमी और खरीद लागत में बढ़ोतरी के बीच, मदर डेयरी और अमूल जैसे डेयरी ब्रांड 12 नवंबर से दूध की कीमतों में 2 से 6 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी करने जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को दूध के लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी।

इंडस्ट्री के सूत्रों के मुताबिक, अलग-अलग तरह के दूध की कीमतों में अलग-अलग बढ़ोतरी होगी। टोंड

- टोंड दूध में दो रुपये व फुल क्रीम भैंस के दूध में 6 रुपये की वृद्धि हुई।

दूध 2 रुपये प्रति लीटर, फुल क्रीम दूध 4 रुपये प्रति लीटर और फुल क्रीम भैंस का दूध 6 रुपये प्रति लीटर महंगा हो जाएगा। मदर डेयरी डबल-टोंड दूध की कीमत भी 54 रुपये से बढ़ाकर 56 रुपये प्रति लीटर करेगी, जबकि गाय के दूध की कीमत 62 रुपये से बढ़ कर 65 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हो रही है जब आमतौर पर फ्लश सीजन (वह समय जब दूध का उत्पादन और उपलब्धता बेहतर होती है) के दौरान दूध की कीमतें स्थिर रहती हैं। लेकिन, दूध की कमी के कारण पिछले कुछ महीनों में मिल्क फैट (दूध में मौजूद वसा) की कीमतों में भी लगभग 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जिससे डेयरी उत्पादन की कुल लागत बढ़ गई है।

अमेरिकी रक्षा सचिव के खिलाफ महाभियोग खारिज

वाशिंगटन (अमेरिका), 11 नवंबर। अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) में मंगलवार को ग्रैंड ओल्ड पार्टी (रिपब्लिकन) प्रतिनिधि थॉमस मैसी का रक्षा सचिव (बदला पदनाम युद्ध सचिव) पीट हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव खारिज हो गया। यह मुख्य रूप से ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर था। हाउस ने 211 के मुकाबले 204 वोटों से इस प्रस्ताव को न्यायपालिका समिति के पास भेजने का फैसला किया। इसी के साथ, इस प्रस्ताव ने अपना प्रभाव खो दिया।

- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने प्रस्ताव को न्याय पालिका समिति के पास भेजा।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, मैसी अकेले ऐसे रिपब्लिकन हैं, जिन्होंने सभी डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इसके खिलाफ वोट दिया। मतदान के बाद मैसी ने कहा, "मुझे हैरानी नहीं हुई, लेकिन निराशा जरूर हुई। कांग्रेस के बारे में मेरा आकलन यह है कि ये लोग जानते हैं कि क्या करना चाहिए। बस वे ऐसा करने की हिम्मत नहीं जुटा पाते, भले ही ऐसा करने से उन्हें राजनीतिक फायदा ही क्यों न हो।"

केंटकी के रिपब्लिकन मैसी ने सोमवार को कहा था कि वे हेगसेथ के खिलाफ महाभियोग का कोई और प्रस्ताव नहीं लाएंगे। इस साल की शुरुआत में प्राइमरी चुनाव हारने के बाद वे जनवरी की शुरुआत में रिटायर हो रहे हैं। डेमोक्रेट्स अभी भी इस मुद्दे को आगे बढ़ा सकते हैं, खासकर तब, जब जनवरी में दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) पर उनका नियंत्रण वापस आ जाएगा। हाउस में अल्पसंख्यक नेता (माइनॉरिटी लीडर) और न्यूयॉर्क के डेमोक्रेट हकीम जेफ़रीज ने कहा, "यह अंत नहीं है। यह तो बस शुरुआत है।"

मुकदमे के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को फोरम शापिंग कहा जाता है। खंडपीठ ने कहा कि यह संभव है कि किसी मामले की सुनवाई का अधिकार क्षेत्र कई हाई कोर्ट के पास हो, खासकर बौद्धिक संपदा से जुड़े विवादों में। लेकिन, किसी खास तरह के विवाद की सुनवाई के लिए किसी विशेष हाई कोर्ट को अधिक उपयुक्त मानना पूरी तरह गलत और भ्रामक है।

होर्मुज़ व फारस की खाड़ी में दो जहाजों पर हमला

नई दिल्ली, 11 नवंबर। पश्चिम एशिया में वाणिज्यिक जहाजों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। होर्मुज़ स्ट्रेट और फारस की खाड़ी में दो जहाजों को निशाना बनाया गया है। केन्द्रीय पत्तन, पोत, परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने बुधवार को बताया कि सऊदी अरब और लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाजों पर हमला किया गया, जिन पर नौ भारतीय सवार थे। इनमें से एक घायल हुआ है।

- इन जहाजों पर नौ भारतीय सवार थे, जिनमें से एक घायल हुआ।

सोनोवाल की पोस्ट के अनुसार, सऊदी अरब का ध्वज लगे तेल टैंकर एन.सी.सी.-फज़्र को उस समय निशाना बनाया गया, जब वह होर्मुज़ स्ट्रेट से गुजर रहा था। इस पर तीन भारतीय सवार थे। उन्होंने बताया कि तीनों भारतीयों सहित, पूरा चालक दल सुरक्षित है। जबकि फारस की खाड़ी से गुजरते समय लाइबेरिया के ध्वज वाले वीएलसीसी (कच्चा तेल ले जाने वाले विशाल पोत) एमटी फुजैराह एनर्जी पर एक प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया। इसके चालक दल में छह भारतीय शामिल हैं।

इस हमले में चालक दल के चार सदस्य घायल हुए, जिनमें एक भारतीय नागरिक शामिल है।

उड़ान से पहले एयर इंडिया के कोलकाता- मुंबई विमान को हाईजैक की धमकी

सभी सुरक्षा जांचों के बाद यात्रियों की दुबारा बोर्डिंग करवाकर फ्लाइट भेजी गई

कोलकाता, 11 नवंबर। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब उड़ान भरने से ठीक पहले एयर इंडिया के एक विमान से हाईजैक (विमान अपहरण) का अलर्ट जारी किया गया। यह घटना कोलकाता से मुंबई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 772 में बुधवार सुबह हुई।

- विमान के उड़ान से ठीक पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को हाईजैक का संदेश भेजा। सभी एजेंसियां सर्तक हो गईं, यात्रियों को बाहर निकाला व विमान की सघन तलाशी ली गई।

सूत्रों के अनुसार, विमान के उड़ान भरने से ठीक पहले पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को हाईजैक का संदेश भेजा। यह अलर्ट मिलते ही हवाई अड्डा प्राधिकरण और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सतर्क हो गईं। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विमान को फौरन आइसोलेशन बे (सुरक्षित क्षेत्र) में ले जाया गया। सुरक्षाबलों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पूरे विमान को घेर लिया। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद विमान की सघन तलाशी शुरू की गई। इस घटना के कारण कोलकाता हवाई अड्डे पर यात्रियों के बीच काफी देर तक अफरातफरी और दहशत का माहौल रहा। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई जांच में विमान के अंदर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत जांच पूरी होने के बाद विमान में यात्रियों की दोबारा बोर्डिंग शुरू कर दी गई है।

बुधवार शाम कोलकाता हवाई अड्डे के कॉरपोरेट संचार विभाग ने बयान जारी कर बताया कि सुरक्षाबलों और संबंधित एजेंसियों ने अपनी जांच पूरी कर ली है और विमान को सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। क्लीयरेंस मिलने के बाद, एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 2772 में दोबारा बोर्डिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इससे पहले बुधवार सुबह 10 बजकर 33 मिनट पर एअर इंडिया की इसी फ्लाइट के शौचालय में केबिन क्रू को हाईजैक की धमकी वाला एक नोट मिला था। कोलकाता से मुंबई जाने वाले इस विमान में कुल 105 यात्री सवार थे। धमकी भरा पर्चा मिलते ही पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को आपातकालीन संदेश भेजा। इसके बाद हवाई अड्डा प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सतर्क हो गईं।

गौरतलब है कि कोलकाता हवाई अड्डे पर पिछले कुछ समय में सुरक्षा से जुड़ी यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते अक्टूबर महीने में भी यहां लगातार दो दिनों तक बम की अफवाह से दहशत फैली थी। तब भी विमान के शौचालय से ही धमकी भरी चिट्ठी बरामद हुई थी।

ईरान ने अपनी भूमिगत "मिसाइल सिटी" दुनिया को दिखाई

तेहरान, 08 नवंबर। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने एक नए भूमिगत 'मिसाइल सिटी' का अनावरण किया है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस भूमिगत ठिकाने में बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ उनके प्रक्षेपण तंत्र भी रखे गए हैं।

समाचार एजेंसी तस्नीम की रिपोर्ट के अनुसार, इस सुविधा के अनावरण के दौरान, ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अली अब्दोल्लाही और आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल माजिद मूसवी मौजूद रहे। हालांकि, रिपोर्ट में इस भूमिगत ठिकाने के स्थान और वहां मौजूद मिसाइलों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया है।

- यहां बैलिस्टिक व क्रूज़ मिसाइल के साथ उनके प्रक्षेपण तंत्र भी रखे हैं।

आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल होसैन मोहेब्बी ने हाल ही में कहा था कि मिसाइलों और ड्रोन के निर्माण से जुड़ी सभी सुविधाओं को भूमिगत किया जाएगा।

ईरानी मीडिया की रिपोर्ट में नए 'मिसाइल सिटी' की क्षमता, निर्माण और संचालन से जुड़ी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

ईरान परमाणु भंडार अपने पास रखेगा, होर्मुज़ खोलने के लिये 7 शर्तें रखीं

ईरान ने कहा कि शर्तों पर अमेरिका से स्पष्ट जवाब के बाद ही कोई वार्ता होगी

नई दिल्ली, 11 नवंबर। ईरान ने अपनी संवर्धित परमाणु सामग्री विदेश भेजने की संभावना पूरी तरह खारिज कर दी है। सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मेजर जनरल मोहसेन रेजाई ने कहा कि ईरान अपना पूरा परमाणु भंडार अपने पास रखेगा और इसका इस्तेमाल घरेलू जरूरतों के लिए करेगा। उन्होंने अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार करते हुए कहा कि तेहरान ने वाशिंगटन के सामने सात शर्तें रखी हैं। इनके पूरा होने तक होर्मुज़ जलडमरूमध्य नहीं खोला जाएगा। इस बीच रूस ने ईरान के समर्थन और युद्ध समाप्त कराने में मदद की पेशकश की है, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सैन्य कार्रवाई के बजाय, आर्थिक दबाव बढ़ाने का विकल्प चुना है।

- रूस ने ईरान के समर्थन व युद्ध समाप्त कराने के लिये मदद की पेशकश की। दूसरी ओर अमेरिका ने सैन्य कार्यवाही के बजाय आर्थिक दबाव बढ़ाने का विकल्प चुना।

रेजाई ने कहा कि ईरान फिलहाल अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं कर रहा है। भविष्य में कूटनीतिक वार्ता के लिए तेहरान ने सात शर्तें रखी हैं और वह वाशिंगटन के स्पष्ट जवाब का इंतजार कर रहा है। उन्होंने अमेरिकी प्रतिक्रिया को अस्पष्ट और धोखाधड़ी भरा बताया। "अल जजीरा" के अनुसार, ईरान की मांगों में आर्थिक प्रतिबंध हटाना, अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी समाप्त करना, जब्त संपत्तियां बहाल करना और क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति कम करना शामिल है। विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने पहले कहा था कि शर्तें स्वीकार होने पर 48 घंटे के भीतर जहाजों की आवाजाही शुरू हो सकती है।

रेजाई ने स्पष्ट किया कि ईरान की सातों शर्तें पूरी होने तक होर्मुज़ जलडमरूमध्य नहीं खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि ये शर्तें ईरानी राष्ट्र के अधिकारों से जुड़ी हैं। तेहरान इन्हें लागू किए बिना अमेरिका के साथ किसी समझौते या बातचीत के लिए तैयार नहीं है।

रेजाई के मुताबिक, ईरान अपनी संवर्धित परमाणु सामग्री का इस्तेमाल परमाणु ऊर्जा से चलने वाले जहाजों और पनडुब्बियों के विकास में करना चाहता है। इसके अलावा, भविष्य में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) आधारित बिजली संयंत्र बनाने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि जब इन परियोजनाओं के लिए सामग्री की जरूरत है, तो ईरान इसे विदेश क्यों भेजेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रूस को इस फैसले से अवगत करा दिया गया है।

'इंडिया ब्लॉक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कुमार गठबंधन को छोड़ने के मौके की तलाश में थे।

जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी ने अपनी किताब में इस घटनाक्रम को लोगों को गुमराह करने की रणनीति के तहत पेश किया है।

उन्होंने एक वीडियो बयान में कहा, "इंडिया गठबंधन के संदर्भ में सोनिया गांधी की किताब में नीतीश कुमार का जिस तरह उल्लेख किया गया है, उससे जद (यू) को गहरी पीड़ा हुई है। हमारा मानना है कि नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के शिल्पकार और उसे आगे बढ़ाने वाली प्रमुख ताकत थे। फिलहाल इस गठबंधन का नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी कर रहे हैं।"

'राहुल और ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के साथ कुछ अनहोनी होने का विचार ही बेहद डरावना था। बाद में, जब हम अपने कमरे में अकेले थे, तो मैं अपने आंसू नहीं रोक सकी।" उन्होंने बताया कि उनकी सास ने उन्हें समझाया कि खतरा वास्तविक था और इस पर तुरंत कदम उठाने की जरूरत थी। राजीव गांधी ने उस समय सरकार के लिए संभावित अपहरण के राजनीतिक परिणामों पर भी विचार किया, क्योंकि उस दौर में राजनीतिक स्थिति काफी तनावपूर्ण थी। सोनिया गांधी ने अपनी आत्मकथा में लिखा, "बच्चों की सुरक्षा स्वाभाविक रूप से हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण थी, लेकिन हमें इस बात पर भी विचार करना था कि अगर कोई अनहोनी होती है, तो उसके कितने विनाशकारी राजनीतिक परिणाम हो सकते हैं। वे (राजीव गांधी) ऐसा नहीं होने दे सकते थे कि उनकी माँ, जो प्रधानमंत्री थीं, को मजबूर करके या किसी परिजन को बंधक बनाकर कोई उनसे अपनी मांगें मनवाए।"

एनसीपी का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि अजित पवार की मौत के बाद भी इस विषय पर बातचीत जारी रही थी। हालांकि, शुरुआती बयान के तीन दिन के भीतर ही तटकरे विलय का फैसला पहले से हो जाने के संकेतों से पीछे हटते नज़र आए। उन्होंने कहा कि इस बारे में अंतिम निर्णय सुनेत्रा पवार और शरद पवार ही लेंगे।

मध्यावधि चुनाव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बहस से जुड़े हुए हैं। रणनीतिक संबंध केवल किसी एक प्रशासन पर निर्भर नहीं होते। रक्षा, महत्वपूर्ण तकनीकों, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग को दोनों ही पार्टियों का समर्थन हासिल है, क्योंकि चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर दोनों की चिंताएं एक जैसी हैं। कांग्रेस की ओर से होने वाली जांच-पड़ताल, स्थिर साझेदारियों के महत्व को और मजबूत कर सकती है। भारत को डेमोक्रेटिक नेताओं, संसदीय समितियों के अध्यक्षों और सांसदों के साथ भी उतनी ही सक्रियता से संपर्क बनाए रखना होगा, जितनी सक्रियता से उसने वाइट हाउस और रिपब्लिकन सहयोगियों के साथ अपने संबंध बनाए हैं।

राजनीतिक रूप से कमजोर पड़ चुके ट्रंप विदेशों में अपनी ताकत अधिक आक्रामक ढंग से दिखाने की कोशिश कर सकते हैं, जबकि कांग्रेस अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप की लागत और उसके उद्देश्यों पर सवाल उठा सकती है। ईरान के साथ युद्ध ने ऊर्जा बाजारों में चिंता बढ़ा दी है। अगर युद्ध और बढ़ता है, तो इससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए मुश्किलें पैदा हो सकती हैं और समुद्री परिवहन तथा बीमा की लागत भी बढ़ सकती है।

मध्यावधि चुनावों के नतीजे भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई जनमत संग्रह नहीं हैं और न ही इसका मतलब यह है कि नई दिल्ली के प्रति वॉशिंगटन की नीति में कोई बदलाव होने वाला है। यह इस बात की याद दिलाता है कि अमेरिकी राजनीति उन परिस्थितियों को बदलती रहती है, जिनमें कूटनीति काम करती है। भारत को व्यक्तिगत संबंधों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता से बचना चाहिए, अपनी आर्थिक साझेदारियों का दायरा बढ़ाना चाहिए और दोनों प्रमुख अमेरिकी दलों (रिपब्लिकन और डैमोक्रैट) के बीच मजबूत समर्थन हासिल करना चाहिए। रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक पहुँच उतनी ही मायने रखेगी, जितनी कि शीर्ष स्तर की कूटनीति।

योगी आदित्यनाथ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आतिशबाजी में हिस्सा लिया था।

आदित्यनाथ ने लोगों से प्रदूषण को लेकर चिंता नहीं करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर प्रदूषण होता भी है, तो वह धीरे-धीरे कम हो जाएगा।

त्योहारों के दौरान प्रदूषण को लेकर चिंता जताने वालों पर एक बार फिर निशाना साधते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि लोगों को प्रदूषण की याद तभी आती है, जब दूसरे लोग त्योहार मनाते हैं और खुशियां मनाते हैं।

ईडी ने आजम खान से पूछताछ के लिये 7 दिन की रिमांड मांगी

लखनऊ, 11 नवंबर। जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े धनशोधन मामले में पूर्व मंत्री आजम खान से पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को गाजियाबाद कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। ईडी ने गाजियाबाद स्थित विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) न्यायालय में आजम खान की सात दिन की कस्टडी रिमांड के लिए अर्जी दाखिल कर दी। एजेंसी अदालत से अनुमति मिलने पर उन्हें लखनऊ या दिल्ली स्थित अपने जोनल कार्यालय लाकर पूछताछ करना चाहती है। रिमांड अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई होने की संभावना है। ईडी की पूछताछ का मुख्य केन्द्र जौहर ट्रस्ट के वित्तीय लेनदेन, विश्वविद्यालय के निर्माण में खर्च हुई रकम के स्रोत और शत्रु संपत्तियों पर कथित कब्जे से जुड़े मामले होंगे। एजेंसी यह भी जानना चाहती है कि ट्रस्ट को मिले धन का इस्तेमाल किन कार्यों में हुआ और इसमें किन लोगों की भूमिका रही।

- गाज़ियाबाद की अदालत में रिमांड अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई होगी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908